पर्यावरण संरक्षण व जल संरक्षण रैली
एवं
एनीमिया भगाओ कार्यक्रम

अग्रवाल महाविद्यालय में दिनाँक 27 मार्च, 2017 को एन.एस. एस. इकाइयों II व III के द्वारा "पर्यावरण संरक्षण व जल संरक्षण जरुरी है क्योंकि जल ही जीवन है" विषय पर लोगों को जागरुक करने के लिए एक रैली अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त गुप्ता के दिशा निर्देशन में निकाली गई साथ ही यूथ रैड़ क्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में और रोटरी क्लब फरीदाबद इस्ट के सहयोग से "एनीमिया भगाओ" (अल्परक्तता – सुधार) कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें 397 विद्यार्थियों का हेल्थ चैकअप हुआ जिसके उपचार के बारे में जानकारी 30 मार्च, 2017 को दी जाएगी तथा उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वयंसेविकों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें जल की बरबादी व पर्यावरण को प्रदूषित करने से रोकना है, जल बिना जीवन असम्भव है जल है तो पृथ्वी पर जीवन है हमें आने वाली पीढ़ी के लिए जल संरक्षण करना चाहिए I आज की बालिकाएँ कल का भविष्य हैं यदि वे स्वस्थ होंगी तो परिवार स्वस्थ होगा और तभी स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकता है इसी उद्देश्य से एनीमिया भगाओ कार्यक्रम डॉ. जयपाल सिंह, मैड़ी चैक हॉस्पिटल फरीदाबाद और रोटरी क्लब फरीदाबद इस्ट के लोकेश के सहयोग से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ I महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त गुप्ता, श्री सुभाष कुमार, रौटेरी बलड बैंक ट्रस्ट, श्री तरुण गुप्ता, चार्टेड अकाउन्टैट रौटेरी क्लब फरीदाबाद इस्ट ने रैली को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया I एन.एस.एस. इकाई द्वितीय की कार्यक्रमधिकारी श्रीमती रितु इकाई तृतीय की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेखा सैन एन के नेतृत्व में एन.एस.एस. स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने पेड़ पौधे मत करो नष्ट सॉस लेने में होगा कष्ट, हरे भरे पेड़ हैं जहाँ धरती का स्वर्ग है वहाँ, जल

हमारे लिए सोना है इसे कभी नहीं खोना है, जल है तो कल है दूषित ना करो जल को नष्ट ना करो जल को इत्यादि नारों के साथ लोगों को जागरुक करने के लिए अम्बेड़कर चौक से लेकर मेन बाजार बल्लबगढ़ होती हुई महाविद्यालय वापिस पहुॅची I

इस रैली में हिन्काशी,साधना,दिव्या,हेमन्त,करण,अश्विन,नितिका आदि ने स्वयंसेविक व स्वयंसेविकाओं आदि का नेतृत्व किया I